जिला शहडोल में कोयला खानों के लिए आदिवासियों की भूमि का अधिग्रहण

1057. श्री बलबीर सिंह : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिला शहडोल में कितने आदिवासियों की जमीनों का कोयला खानों के लिए पिछले पांच वर्षों में अधिगृहण किया गया तथा प्रत्येक मामले में कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया ;

(ख) क्या अधिगृहण भूमि का मुआवजा इस बीच अदा कर दिया गया है ; और

(ग) क्या परिवारों के बेरोजगार युवकों को, जिनकी भूमि का अधिगृहण किया गया, रोजगार दे दिया गया है और यदि हां, तो ऐसे परिवारों की संख्या कितनी है ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन): (क) से (ग) : सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Increase in prices of essential drugs

1058. SHRI PIUS TIRKEY :
SHRI R.L.P. VERMA :
SHRI R.L. BHATIA :

Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that prices of essential drugs have been increased heavily; and

(b) if so, details thereof and the considerations weighing with Government for such a steep rise in the essential drugs ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM CHEMICALS & FERTILIZERS (SHRI DALBIR SINGH) : (a) & (b) The prices of drugs and formulations which were frozen in March, 1978 for one year on the basis of the New Drug Policy, were not adjusted upto August, 1980, though there as substantial increase in the cost of inputs particularly, after the hikes in the Petroleum prices. The procedure for adjusting the prices was approved in August, 1980 and thereafter, prices of some bulk drugs and formulations have already been revised. These adjustments involved both increases and decreases and are on the basis of reports from the Bureau of Industrial Costs and prices, and as per Drugs (Prices Control) Order, 1979.

कम वजन वाले गैस सिलेंडरों की सप्लाई

1059. श्री अशोक गहलोत : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि कुकिंग गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं को कम वजन वाले गैस सिलेंडर सप्लाई कर रही हैं;

(ख) क्या इस कारण उपभोक्ताओं को भारी वित्तीय हानि हो रही है;

(ग) क्या ऐसी शिकायतें मिली हैं कि गैस डीलर अप्राधिकृत उपभोक्ताओं तथा होटलों को दो तीन दिन के लिये गैस सिलेंडर सप्लाई करते हैं जिनको बाद में वास्तविक उपभोक्ताओं के घरों पर लगा दिया जाता है और इस वजह से उपरोक्त स्थिति उत्पन्न होती है;

(घ) यदि हां, तो ऐसी बढ़ती हुई अनियमितताओं की रोकथाम के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है; और

(ङ) यदि ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, तो उसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द्र सेठी) : (क) और (ख) उपभोक्ताओं को कम वजन वाले गैस सिलेंडरों की सप्लाई करने सम्बन्धी शिकायतें समय समय पर प्राप्त की जा रहीं हैं। जिन मामलों में जांच किये जाने के बाद यह साबित हो जाता है कि गैस सिलेण्डर खराब हैं उनके